# 100 एकड़ में आईटी पार्क कंपनियों को मिलेगी जगह

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लखनऊ विकास प्राधिकरण अपनी आईटी सिटी सुल्तानपुर योजना में अब 100 एकड़ में केवल आईटी पार्क बनाएगा। इसमें आईटी कंपनियों को ही जगह मिलेगी। अपर मुख्य सचिव आवास ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

अपर मुख्य सचिव आवास नितिन रमेश गोकर्ण ने आईटी पार्क के निर्माण के संबंध में 13 जून को आदेश जारी किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी जनित सेवा नीति का उल्लेख करते हुए प्रदेश के सभी प्राधिकरणों को आईटी पार्क बनाने को कहा है। प्रदेश के सभी

> जमीन अधिग्रहण के लिए दो तरफा कार्रवाई की जा रही है। एक तो किसानों से समझौते के आधार पर जमीन ली जा रही है। दूसरे अधिग्रहण पर भी काम चल रहा है। अधिग्रहण का प्रस्ताव शासन पहुंच चुका है। जल्दी ही नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा। उम्मीद है कि योजना बहुत जल्दी शुरू हो जाएगी। डॉ . इंद्रमणि त्रिपाठी, उपाध्यक्ष, एलडीए

विकास प्राधिकरण को 15000 वर्ग मीटर फ्लोर एरिया में इसका निर्माण करना होगा। 75% क्षेत्र केवल आईटी कंपनियों को दिया जा सकेगा।